चन्द दास कृत "रामविनोद" महाकाव्य का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन

पी-एच० डी० उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध-प्रबन्ध

निदेशक :—

डॉ० चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित "ललित"

प्रवक्ता

पं० जवाहर लाल नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाँदा (उ० प्र०)

अनुसंधित्सु :—

राम मनोहर शुक्ल, पुजारी

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय

[हिन्दी विभाग]

झाँसी

अगस्त 1983

प्रमाण-पत्र

मैं प्रमाणित करता हूँ कि श्री राम मनोहर शुक्ल ने महाकवि "चन्द्रकुल रामविनोद" महाकाव्य का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन " शीर्षक शोध-प्रबन्ध को मेरे निर्देशन में पूर्ण किया है। यह शोध-छात्र की मौलिक कृति है तथा इन्होंने विश्व-विद्यालय द्वारा निर्धारित समय तक उपस्थिति प्रदान की है।

दिनांक: ११. ६. ८३ हस्ताक्षर शोध-निर्देशक

च. प्र. दीक्षित

(डॉ० चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित 'ललित')

प्रणति

विमल सुशोभित चंद कवि, "अक्षर" दृष्टा भाल ।
"स्वर" "व्यंजन"युत व्याकरण, सुमन समर्पित माल ।। 1

सहजल शास्त्री "वर्ण" सिन्धु, "शब्द" ब्रह्म-संयोग ।
"संज्ञा" योद्धा, कवि, चतुर, योगी सुधा सुयोग ।। 2

चंद दास, जन चंद वह, "सर्वनाम" सत्कार ।
"व्यक्ति", "भाव", "गुण", "जाति", मत, मिथ्या भ्रम स्वीकार ।। 3

"लिंग", "वचन", "बहु", "एक" से, परिभाषित सत रूप ।
"कारक" विभुत न कर सके, योगी चंद अनूप ।। 4

"कर्त्ता" बन शुचि "कर्म" कर, "करण" काव्य का मर्म ।
"सम्प्रदान" हित ग्रन्थ रच, "अपादान" हित धर्म ।। 5

हंसपुरी शुभ "अधिकरण", हम सब से "सम्बन्ध" ।
स्वामी, प्रभु, अवधूत, कवि, "सम्बोधन" अनुबन्ध ।। 6

"गुण", "संख्या", "परिमाण"वर, कैसे हो संकेत ।
प्रचुर "विशेषण" विशद प्रिय, अनुपमयुत निकेत ।। 7

"क्रिया", "काल" से दूर परे, "अव्यय" परमानंद ।
विमल योग "शब्दार्थ" से, ज्योतित सब अमंद ।। 8

प्रचुर "कृदन्त", "तद्धित" परम, अथवा "समास" अक्ष ।
"सन्धि", "मनोहर" व्याकरण, माला "सन्धि" स्वच्छ ।। 9

चंददास कृत "रामविनोद" महाकाव्य का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन

विषय-सूची

विशेष-चिह्न

> पूर्ववर्ती व्युत्पादक तथा परवर्ती व्युत्पन्न

< पूर्ववर्ती व्युत्पन्न तथा परवर्ती व्युत्पादक

√ धातु चिह्न

संकेताक्षर

1-	अ० पु०	अन्य पुरुष
2-	अयो० का०	अयोध्या काण्ड
3-	अर० का०	अरण्य काण्ड
4-	आ०	आचार्य
5-	उ०का०	उत्तर काण्ड
6-	उ० पु०	उत्तम पुरुष
7-	ए० व०	एक वचन
8-	किष्कि० का०	किष्किन्धा काण्ड
9-	क्रि० वि०	क्रिया विशेषण
10-	दो०	दोहा
11-	निश्चि०	निश्चितार्थक
12-	पु०	पुल्लिंग
13-	पृ०	पृष्ठ
14-	ब० व०	बहु वचन
15-	बा० का०	बाल काण्ड
16-	म०पु०	मध्यम पुरुष

17- रा० वि०	रामविनोद
18- लं० का०	लंका काण्ड
19- सुन्द० का०	सुन्दर काण्ड
20- स० क्रि०	सक्रिया वितक
21- सर्व०	सर्वनाम
22- स्त्री०	स्त्री-लिंग

1. विषय - प्रवेश

1.1 चंददास के महाकाव्य "रामविनोद" की भाषा के अध्ययन की आवश्यकता एवं उपयोगिता

वाणी के वरदपुत्र महाकवि चंददास को साहित्य-जगत के महान उच्चासन पर प्रतिष्ठित करके प्रकाशित करने का सर्व प्रथम श्रेय डॉ० चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित "ललित" को है। आपने "संत कवि-चंददास: काव्यात्मक मूल्यांकन" शोध विषय पर पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात कठोर श्रम-साधना करके कवि के प्रमुख महाकाव्य "रामविनोद" का कुशल सम्पादन एवं प्रकाशन किया। "रामविनोद" महाकाव्य की सम्पादकीय भूमिका में भाषा-शैली[1] के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवेचना प्रस्तुत की गई है।

विवेचना के अध्ययन से यही निष्कर्ष प्राप्त होता है कि महाकवि चन्द कृत "रामविनोद" महाकाव्य पर, भाषा विश्लेषण की दृष्टि से, पर्याप्त कार्य सम्पन्न करने हेतु विस्तृत क्षेत्र उपलब्ध है। अभी तक किसी भी अनुसंधित्सु ने इस कृति को आधार बनाकर इसमें प्राप्त भाषा का गणात्मक विश्लेषण वर्णनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत नहीं किया है। अस्तु इस प्रकार के मौलिक अध्ययन की महती आवश्यकता है। प्रस्तुत आवश्यकता को ध्यान में रखकर शोध-कार्य किया गया है। महाकवि चंद के भाषा-सम्बन्धी कार्यों के प्रकाश में किया गया प्रस्तुत कार्य श्रेष्ठ सिद्ध होगा। इस प्रकार का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन जिसके प्रस्तुतीकरण की विधि, मानक एवं निष्कर्ष मौलिकता से परिपूर्ण है, महाकवि चंद की भाषा के सम्बन्ध में प्रकाश-स्तम्भ का कार्य करेगी, ऐसी आशा है। यह शोध-कार्य प्रथम एवं मौलिक है इसलिये इसका स्वयं का पृथक अस्तित्व है। प्रयास की सफलता का निर्णय विद्वान परीक्षक करेंगे। उक्त आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में अनुसंधित्सु का विनम्र प्रयास है।

---

1. सं० डॉ० "ललित" - रामविनोद पृ० 46 से 55 तक

इस शोध-कार्य के माध्यम से चंद के महाकाव्य की भाषा का स्वरूप तथा इसके साथ ही महाकवि चंद की भाषा का स्वरूप अधिकाधिक स्पष्ट किया जा सकेगा । गद्यात्मक विशेषताओं के साथ ऐतिहासिक भाषा संरचना करते समय यह कार्य सहायता प्रदान कर बल देगा । हिन्दी- प्रदेश में प्रचलित तत्कालीन जन-भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन में इससे वांछित सहायता उपलब्ध होगी । हिन्दी की प्रामाणिक भाषा संरचना करते समय ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के निर्माण में प्रस्तुत शोध-कार्य सहायक सिद्ध होगा ।

1·2 प्रस्तुत अध्ययन की सीमायें

प्रस्तुत अध्ययन "रामविनोद" महाकाव्य के भाषा-वैज्ञानिक पक्ष पर आधारित है । अस्तु इस शोध-कार्य में मात्र "रामविनोद" महाकाव्य को पूर्ण-रूपेण आधार बनाया गया है ।

प्रामाणिकता -

चंददास साहित्य-शोध-संस्थान शाखा सिविल लाइन्स बाँदा (उ० प्र०) के निदेशक डॉ० चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित "ललित" के प्राचीन दुर्लभ ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों के संग्रहालय में महाकवि चंद हस्त लिखित "रामविनोद" महाकाव्य की मूल प्रति (कैथीलिपि, सं० 1804 वि०) उपलब्ध है । इसके साथ ही [illegible] द्वारा- प्रतिलिपित प्रति (देवनागरी लिपि) भी संस्थान में उपलब्ध है । विद्वान सम्पादक महोदय ने उक्त उल्लिखित दोनों प्रतियों का गम्भीर गवेषणात्मक अध्ययन कर कृति प्रकाशित की है । अस्तु प्रक्षिप्त अंश एवं नकली होने का प्रश्न ही नहीं उत्पन्न होता ।"

1·3 विश्लेषण विधि-

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध के अन्तर्गत "रामविनोद" महाकाव्य का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन किया गया है । इसके लिए सम्पूर्ण "रामविनोद" महाकाव्य से सामग्री संकलित की गई है । कुल 3513 छन्दों (यद्यपि "राम विनोद" महाकाव्य के अंत में 3512 अंतिम छंद संख्या अंकित है, किन्तु अंश

काण्ड में 2108 छंदों में दो छन्द दोहा और कवित्त दो बार अंकित हैं। को प्रत्येक के लिए अलग-अलग 3513 कार्डों पर संकलित कर लिया गया है। कांडों के अनुसार छन्दों की संख्या निम्नलिखित है :

रामविनोद महाकाव्य की छंद सूची

काण्ड	दोहा	कवित्त	सोरठा	छंद तोटक	छंद तोमर	छंद भुजंग प्रयात	छंद गीतिका	छंद चामरी	कवित्त पिंगल	छंद झूलना	छंद नाराच	कवित्त मनहरन	कवित्त छप्पय
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1•बालकाण्ड	72	175	35	8	12	-	19	7	41	-	1	22	13
2•अयोध्याकाण्ड	90	137	93	20	26	16	21	17	-	4	5	-	-
3•अरण्यकाण्ड	62	73	72	26	16	12	10	6	-	3	7	-	-
4•किष्कि० काण्ड	41	43	65	22	25	10	6	9	-	2	7	-	-
5•सुन्दर काण्ड	88	62	99	56	21	13	10	10	-	6	4	-	-
6•लंका काण्ड	274	186	127	140	73	76	34	29	-	13	3	-	-
7•उत्तर काण्ड	219	135	151	130	36	52	44	22	-	2	1	-	-
योग	846	811	642	402	209	179	144	100	41	30	28	22	13

——— क्रमश:

रामविनोद महाकाव्य की छंद सूची

	काण्ड	छंद नाराच दंडक	छंद त्रिभंगी	छप्पै	कवित्त मरहट्ट	कवित्त सवैया	कवित्त घनाक्षरी	छंद दंडक	छंद चंचरी	कवित्त अपरंच	कवित्त मुद्रा	छंद लघु नाराच,	छंद त्रिभंगी दोहा	श्लोक, अनुष्टुपछंद	योग
		14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	
1.	बालकाण्ड	1	1	3	5	5	-	2	2	1	1	-	-	-	426
2.	अयोध्याकाण्ड	7	3	1	-	-	-	-	-	-	-	1	-	-	441
3.	अरण्यकाण्ड	-	2	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	1	291
4.	किष्किन्धाकाण्ड	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	231
5.	सुन्दरकाण्ड	-	2	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	372
6.	लंकाकाण्ड	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	955
7.	उत्तरकाण्ड	1	-	2	-	-	1	-	-	-	-	-	1	-	997
	योग	9	9	7	5	5	2	2	2	1	1	1	1	1	3513

प्रत्येक कांड में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय तथा क्रिया रूपों को छंद के अनुसार भिन्न कर लिया गया है। भिन्न करते समय भाषा में उनकी कार्यकारिता और गठन का ध्यान रखते हुये यथास्थान प्रतिष्ठित किया गया है। पुनः प्रत्येक संकलित सामग्री को अलग-अलग सूचीबद्ध कर लिया गया है। अनुसंधाता इस अध्ययन में उदाहरण स्वरूप समस्त रूप नहीं दे सका है। दिए गये उदाहरणों के रूपों से आलोच्य ग्रन्थ की भाषा की शब्द-रचनात्मक एवं रूप-रचनात्मक प्रकृति तथा प्रवृत्ति का यथेष्ट परिचय प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार यह शोध कार्य सम्पन्न हो सका है।

1.4. छंद की भाषा का स्वरूप-निर्धारण -

महाकवि छंदकृत "रामविनोद" महाकाव्य को आधार बनाकर भाषा का गठनात्मक विश्लेषण करके स्वरूप निर्धारण किया गया है। कारणों के आधार पर प्राप्त स्वरूप निम्नवत् है -

1.4.1. ध्वनि विचार -

उच्चारण-कारणों की दृष्टि से छंद के आलोच्य ग्रन्थ की भाषा में प्राप्त दस स्वर-ध्वनि ग्राम इस प्रकार हैं -

1. मूल

(1) ह्रस्व - अ, इ, उ

(2) दीर्घ - आ, ई, ऊ, ए, ओ

2. संयुक्त स्वर - ऐ (अ+इ, अ + य), औ (अ+उ, अ+व)

3. अनुनासिकता - सभी स्वरों के अनुनासिक रूप भी उपलब्ध हैं:-

अँ, आँ, इँ, ईँ, उँ, ऊँ, एँ, ऐँ, ओँ, औँ।

समस्त स्वर ध्वनियाँ शब्द की तीनों स्थितियों में प्राप्त हैं। अस्तु इन्हें ध्वनि ग्राम स्तर प्राप्त हैं।

"ऐ" और "औ" का उच्चारण संस्कृत के निकट था और "अइ" एवं "अउ" बोलते थे। पर आगे चलकर विकास हुआ और "ऐ"

क्रमशः "औ" का उच्चारण "अउ" क्रमशः "अव" सा हो गया, जैसा ब्रजी तथा खड़ी बोली में सुनाई पड़ता है।[1] चंद की भाषा में "ऐ" और "औ" का उच्चारण एवं लेखन दोनों स्वरूपों में उपलब्ध है, यथा-

ऐ- अ+ए के रूप में उच्चरित -

ऐसी[2], पैज[3], मैनाक[4], आवै[5] आदि।

अ+य के रूप में उच्चरित एवं लिखित -

कैन[6], नैन[7], त्यागिये[8], नय[9]

औ- अ+ओ रूप में उच्चरित एवं लिखित -

और[10], हमौगुन[11], पढ्यौ[12], अउ[13], अउर[14] आदि।

अ+व के रूप में उच्चरित एवं लिखित -

मौन[15], दानौ[16], अव[17], अवर[18], चकव[19]

अतः ब्रजभाषा का प्रभाव स्पष्ट है। [विजय कुम 2.3.1]

ध्वनि ग्राम स्तर पर चंद की भाषा में निम्नलिखित व्यंजन प्राप्त हैं -

1. स्पर्श - कण्ठ्य - क, ख, [ग], घ, ङ।
    तालव्य - च, छ, ज, झ।
    मूर्धन्य - ट, ठ, ड, ढ। दन्त्य - त, थ, द, ध।
    ओष्ठ्य - प, फ, ब, भ।

---

1. आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र: हिन्दी साहित्य का अतीत पृ० 90
2. रा०वि०सं०का०2514/ 3. रा०वि०अयो०का०551/ 4. रा०वि०कु०का०1404
5. रा०वि०सं०का०1942/ 6. रा०वि०अयो०का०552/ 7. रा०वि०आ०का०1054
8. रा०वि०अयो०का०515/ 9. रा०वि०उ०का०2789/ 10. रा०वि०बा०का०100
11. रा०वि०अयो०का०840/ 12. रा०वि०सं०का०1960/ 13. रा०वि०बा०का०80
14. रा०वि०बा०का०120/ 15. रा०वि०बा०का०106/ 16. रा०वि०सं०का०2011
17. रा०वि०बा०का०263/ 18. रा०वि०अ०का०1008/ 19. रा०वि०बा०का०204

2. नासिक्य- न्, म्ह्, ण्, न्ह्, ङ् ।

3. पार्श्विक - ल् ।

4. लुण्ठित - र् ।

5. संघर्षी - स्, ह् ।

उपर्युक्त व्यंजन ध्वनिग्रामों के अतिरिक्त ङ्, [नासिक्य] ड़, ढ़ [उत्क्षिप्त], श्, [ष्] संघर्षी और विसर्ग [:] का भी प्रयोग मिलता है, जो ध्वनिग्राम स्तर पर नहीं है । [विभाजक्रम 2.3.2] चंद की भाषा में "ड़" और "ढ़" स्वर प्रयुक्त हुए हैं जो कि "ड" और "ढ" के संस्वन हैं, यथा-

ड़ - बड़त[1], पोड़[2], करोड़[3]

ढ़ - दृढ़[4], मढ़त[5], गढ़[6]

"ड़" के स्थान पर "र" हो जाना ब्रज भाषा की प्रमुख विशेषता है ।[7] यहाँ पर "ड़" एवम् "ढ़" ध्वनि का प्रयोग ब्रजी से प्रभावित है ।

1.4.2 शब्द रचना-विधान-

चंद के महाकाव्य की भाषा प्राचीन भारतीय आर्य भाषा से मध्य भारतीय आर्य भाषा की अवस्था से होती हुई इस अवस्था में विकसित हुई है । विश्व की प्रत्येक भाषा में न्यूनाधिक मात्रा में विभाषी शब्द, विदेशी शब्दावली के प्रभाव के परिणाम स्वरूप प्राप्त होते हैं । भाषायी स्रोतों को अवलोकन करने पर ज्ञात होता कि इसमें तत्सम, अर्द्ध तत्सम, तद्भव, देशज तथा विदेशी [अरबी, फारसी तुर्की] शब्द हैं । [विभाजक्रम 3.0]

---

1. रा0वि0लंका0 1921/ 2. रा0वि0लंका0 1772/ 3. रा0वि0बाल0 100

4. रा0वि0उ0का0 2738/ 5. रा0वि0अयो0का0 482/ 6. रा0वि0कु0का0 1395

7. ब्रज साहित्य सन्दर्भ: प्रो0 रामस्वरूप आर्य एवं डॉ0 गिरिराज शरण पृ0 309

रचना की दृष्टि से भाषा में रूढ़, यौगिक तथा समासिक शब्द प्राप्त होते हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रयुक्त शब्द यौगिक प्रकार के हैं। सामासिक शब्द स्वल्प हैं। [विषय क्रम 3.1] आधुनिक हिन्दी की भी यही विशेषता है। चंद की भाषा में यौगिक शब्दों की रचना अनेक प्रकार के व्युत्पादक प्रत्ययों के योग से हुई है। [विषय क्रम 3.2]

पूर्व प्रत्यय और पर-प्रत्यय दोनों से युक्त यौगिक शब्द न्यून हैं। एक ही प्रातिपदिक दो पर प्रत्ययों का योग हुआ है, ऐसे भी शब्द हैं। तीन पर-प्रत्ययों के योग से निर्मित शब्द अत्यल्प हैं। [विषय क्रम 3.3] शब्द रचना अवधी और ब्रजभाषा दोनों से प्रभावित है।

1.4.3 <u>रूप रचना</u>-

1.4.3.1. <u>संज्ञा रूप रचना</u> -

चंद की भाषा में संज्ञा-रूप-रचना, प्रातिपदिकों में लिंग-वचन-कारक संबंधी विभक्ति-प्रत्ययों के योग से हुई है। रूढ़, यौगिक तथा सामासिक तीन प्रकार के प्रातिपदिक शब्द-रचना की दृष्टि से प्राप्त हैं। [विषय क्रम 3.]

संज्ञा-रूप-रचना में तीन व्याकरणिक कोटियाँ हैं -

1. लिंग 2. वचन तथा 3. कारक।

लिंग शब्द प्रातिपदिक अंत से बोधा है। वचन और कारक को स्पष्ट करने के लिए प्रत्ययों और परसर्गों का सम्बल लिया गया है। लिंग-निर्धारण का कोई निश्चित नियम नहीं बनाया जा सकता किन्तु दो विधाएँ हैं-

1. गठन परक अर्थात् अन्त्य स्वरों के आधार पर तथा
2. प्रयोग के आधार पर लिंगाभास प्राप्त होता है।

वाक्य में विशेषण-शब्दों या क्रिया-शब्दों या सम्बन्ध वाची सार्वनामिक विशेषण-शब्दों द्वारा संज्ञा-शब्दों के लिंग का ज्ञान होता है।

सम्बन्ध-कारक के परसर्गों द्वारा भी लिंग का पता चलता है । विशेष क्रम 3.6]

चंद की भाषा में दो वचन- एक वचन तथा बहुवचन है । वचन और कारक के प्रत्यय अलग-अलग न होने के कारण बहुवचन का बोध सन्दर्भ से होता है । बहुवचनत्व का बोध गन-गण, लोग, वृन्द, जन आदि शब्द जोड़कर भी कराया गया है । यह विश्लिष्ट विधा है । चंद की भाषा में वचन की अभिव्यक्ति की दो विधायें संश्लिष्ट [विभक्ति प्रत्यययुक्त] तथा विश्लिष्ट [पृथक से बहु-वचनत्व शब्द संयुक्त कर] है । वचन का बोध प्रायः वाक्य में सन्दर्भ से ही होता है । एक वचन से बहुवचन बनाने के लिए ब्रज का प्रधान प्रत्यय "न" है जब कि अवधी का "न्ह" ।[1] "न्ह" प्रत्यय का सर्वथा अभाव है । "न" प्रत्यय प्राप्त होता है । अस्तु ब्रजभाषा का प्रभाव है , यथा- किरन[2], कपिन[3], चरनन[4], हाथन[5], मंगन[6], देवन[7], आदि ।

समस्त संज्ञाओं के दो रूप- 1. मूल तथा 2. तिर्यक् प्राप्त है । निर्विभक्तिक रूप मूल और अन्य रूप [सविभक्तिक-परसर्गरहित तथा परसर्ग सहित] तिर्यक् है । सांकेतिक दृष्टि से व्याकरणिक प्रत्यय रहित निर्विभक्तिक रूप ही प्रातिपदिक है । छन्दानुरोध से परसर्ग लोप होने पर परसर्ग योजना करनी पड़ती है । वैसे परसर्गविहीन निर्विभक्तिक एवं सविभक्तिक प्रयोग तिर्यक ही हैं । सभी कारक सम्बन्धी द्योतक परसर्ग प्राप्त है । कर्ता कारक द्योतक "ने" परसर्ग स्पष्ट उपलब्ध है जो ब्रजभाषा के प्रभाव का परिचायक है, यथा-

तब कुंभज ने प्रतिबोध किये।[8]

तब रावन ने कबूल करी ।[9]

---

1. तुलसी मानस संदर्भ सं०डॉ०रामचन्द्र आर्य डा० गिरिराज शरण पृ0288

2. रा0वि0 अयो0का0675/ 3. रा0वि0 लंका0का02622/ 4. रा0वि0अयो0का0587

5. रा0वि0 लंका0का02425/ 6. रा0वि0बाल0का0200/ 7. रा0वि0अर0का01030

8. रा0वि0उत्तर0का03174/ 9. रा0वि0लंका0का02523

बन साज तहाँ रिपु ने पठ्येउ ।[1]

मुनि नाथ अकस ने श्राप दई ।[2]

मोहि अवार दयेउ विधि ने ।[3]

"पर दोनों में सबसे स्पष्ट अन्तर है कि "ने" चिन्ह का प्रयोग पूर्वी में होता ही नहीं, पश्चिमी अवधी कभी में होता है और कभी-कभी नहीं भी होता, ब्रजी में अवश्य होता है । ...... अवधी के दो भेद हैं- पूर्वी और पश्चिमी । पूर्वी अवधी ही मूल अवधी है, जो गोंडा, फैजाबाद आदि पूर्वी प्रदेशों की बोलचाल है । पश्चिमी अवधी बैसवाड़े आदि पश्चिमी प्रदेशों में चलती है । यह ब्रजी से पूर्वी की अपेक्षा अधिक प्रभावित है"।[4]

संबोधन में संज्ञा-एक वचन में प्रयुक्त हुआ है उन रूपों के पूर्व"रे"शब्द का प्रयोग मिलता है । [विभक्तिक्रम 3.8.1]

1.4.3.2 सर्वनाम रूप रचना -

कवि के महाकाव्य की भाषा में सर्वनाम रूप रचना में व्याकरणिक कोटियाँ - दो वचन और कारक ही प्रयुक्त है; । लिंग का प्रभाव पुरुष वाचक सर्वनामों के सम्बन्धकारकीय रूपों में ही प्राप्त होता है । बहुवचन के प्रकाशन के लिए विभक्ति प्रत्यय योजना न होकर स्वतन्त्र प्रातिपदिकों [सर्वनाम शब्दों] का प्रयोग हुआ है । मूल रूप [कर्ता] ही प्रातिपदिक है । कर्ता के अतिरिक्त अन्य कारक सम्बन्धों के स्पष्टीकरण के लिए विकारी रूपों में; प्रत्ययों या परसर्गों या दोनों का योग मिलता है । विभक्ति क्रम 4 [रूप रचना की दृष्टि से संज्ञा शब्दों से सर्वनाम भिन्न है; इनमें सम्बोधन रूपों का प्रयोग नहीं होता ।

1.रा0वि0कां0छ02044/ 2. रा0वि0सुं0का0 1747/ 3.रा0वि0कि0 का01407
4.वाङ्मय विमर्श: ले0 आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र पृ0 396

"ब्रज में सर्वनामों में भी "स" का "ह" होकर लोप हो गया है -
कस्य = कस्स = कास = काह = का । इसमें विभक्ति चिन्ह लगाकर काको, काहि आदि रूप बने ।[1] चंद की भाषा में भी काहू[2], काहू[3], तथा काहि[4] आदि विकृत रूप ब्रजभाषा के प्रभाव के फलस्वरूप पाए जाते हैं । "पश्चिमी अवधी में शौरसेनी के अनुकूल ओकारान्त रूप को, जो, सो चलते हैं ।[5] आलोच्य ग्रन्थ की भाषा में सर्वनामों का यह स्वरूप यथेष्ट सुलभ है ; यथा-

जो करो आयत दास । सो रचो ललित सुजान ।[6]
भक्ति जो करहि आदि सो प्रसाद दीजिये ।[7]
सो भावे विश्वनाथ, जो जन सुमिरे रामगुन ।[8]
को ताहि जाने ।[9]
को करिहैं तन मान ।[10]

अस्तु ब्रज एवं अवधी दोनों के सर्वनाम रूप रचना में रूप उपलब्ध हैं।

1.4.3.3 <u>विशेषण रूप रचना</u> -

चंद के महाकाव्य "रामविनोद" की भाषा में रूढ़, यौगिक तथा सामासिक तीनों प्रकार के विशेषण शब्द प्राप्त हैं । विशेषतः अकारान्त या विकल्प से आकारान्त विशेषण में ही लिंग-वचन, कारक सम्बन्ध द्योतक विभक्ति-प्रत्यय अधिक स्पष्ट है । अन्य विशेषण रूप अपरिवर्तित हैं । संज्ञा रूपों के तुल्य विशेषण रूपों में तीन व्याकरणिक कोटियाँ हैं :- 1. लिंग , 2. वचन तथा 3. कारक । लिंग शब्द स्तर

---

1. वाङ्मय विमर्श: ले० आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र पृ 372
2. रा०वि०आ०का० 173/ 3. रा०वि० लं०का० 3350/ 4. रा०वि०कुं०का० 1584
5. वाङ्मय विमर्श: आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र पृ 396
6. रा०वि०कि०का० 1267/ 7. रा०वि०कुं०का० 1640/ 8. रा०वि०उ०का० 3227
9. रा०वि० कुं०का० 1584/ 10. रा०वि०कि०का० 2460

से प्रभावित है । वचन और कारक की अभिव्यक्ति प्रत्ययों से या सन्दर्भ से होती है । विशेषण रूप रचना की यह विशेषता आधुनिक हिन्दी [खड़ी बोली] के समान है । ब्रजभाषा से प्रभावित यत्र-तत्र ओकारान्त रूप प्राप्त हैं ; यथा-

मन साँचो[1], कंत भलो[2], भाग बड़ो[3] आदि ।

1•4•3•4 अव्यय -

आलोच्य ग्रन्थ की भाषा में सभी प्रकार के अव्ययों का प्रयोग मिलता है । स्थानवाचक क्रिया विशेषण में स्थिति वाचक की अपेक्षा दिशावाचक कम हैं । कालवाचक क्रियाविशेषण में समयवाचक सर्वाधिक एवं पौनः पुन्य वाचक प्रयोग स्वल्पतम हैं । परसर्गीय शब्दावली की संख्या यथेष्ठ है । [विषय क्रम 6•] ठेठ ब्रजभाषा का शब्द "जनि" का प्रयोग "नहीं" के अर्थ में किया गया मिलता है; यथा-

करो सजन जनि नैन ।[4]

1•4•3•5 क्रिया रूप रचना -

महाकवि चन्द की भाषा में क्रिया रूप रचना प्रमुख व्याकरणिक कोटियों [रचनात्मक प्रवृत्तियों] यथा- काल, वचन, लिंग पुरुष आदि से प्रभावित हैं । पुरुषवचन से प्रभावित तिङन्ती रूपों और लिंग -वचन से प्रभावित कृदन्ती रूपों से विभिन्न कालों एवं अर्थों की अभिव्यक्ति हुई है ।

मूल धातुएँ सामान्य और व्युत्पन्न प्रकार की हैं [विषय क्रम 7•1•1] और यौगिक धातुएँ प्रेरणार्थक और नाम प्रकार की हैं । प्रकार्य की दृष्टि से समापिका और असमापिका प्रकार के निर्मित रूप हैं । [विषयक्रम 7•2 तथा 7•3] समापिका प्रकार के अन्तर्गत तिङन्ती और

1•रा0वि0कि0क0ा01284/ 2•रा0 उत्तर0ा02770/3•रा0वि0बा0ा1087
4•रा0वि0क0ा02568/

कृदन्ती दोनों प्रकार के रूप प्रयुक्त हुए हैं जिनमें वर्तमान निश्चयार्थ संभावनार्थ आज्ञार्थ, भूत निश्चयार्थ, भविष्य निश्चयार्थ एवं आज्ञार्थ की अभिव्यक्ति हुई है। असमापिका प्रकार के अन्तर्गत पूर्वकालिक कृदन्त और क्रियार्थक संज्ञा कृदन्त प्राप्त होते हैं। [विषयक्रम 7.3.1 और 7.3.2]

कवि की भाषा में सहायक क्रियाओं का भी प्रयोग हुआ है। [विषय क्रम 7.2.3] जहाँ इनका स्वतन्त्र प्रयोग हुआ है, वहाँ ये स्थिति सूचक मालूम पड़ती हैं। जहाँ पर स्वतन्त्र क्रिया रूपों के साथ सहायक बनकर प्रयुक्त हुई हैं, वहाँ संयुक्त काल का निर्माण करती हैं। इन क्रियाओं की संयुक्तता से वर्तमान, भूत काल आदि का बोध होता है।

संयुक्त-क्रियाओं के प्रयोग प्रचुरता से प्राप्त हैं। [विषयक्रम 7.4] इनमें अनेकानेक मुख्य क्रियायें सहायक रूप में प्रयुक्त हुई हैं। एक से अधिक मुख्य क्रियायें मिलकर नवीनअर्थों एवं भावों की अभिव्यक्ति कराती हैं। संयुक्त क्रियाओं के निर्माण में कृदन्ती और तिङन्ती दोनों रूपों का योगदान है। पूर्वकालिक कृदन्तों तथा क्रियार्थक संज्ञा और नाम शब्दों से भी संयुक्त क्रियायें विनिर्मित हैं।

* ....भविष्यत् में "ब" के स्थान पर "ह" की प्रवृत्ति है, जैसे अवधी "देखिबो" के स्थान पर ब्रजी "देखिहो"। इस प्रकार ब्रजी पश्चिमी अवधी के निकट है।[1] इस प्रकार प्रस्तुत आलोच्य ग्रन्थ की भाषा में "करब", "जाइब", "कहब", "करिब" तथा "जाउब" आदि मानस की अवधी के स्थान पर करिहौं[2], धरिहौं[3], त्यागिहौं[4], तथा तरिहौं[5] आदि क्रिया रूप भविष्य निश्चयार्थ, उत्तम पुरुष, एक वचन में मिलते हैं।

---

1. वाङ्मय विमर्श: आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र पृ0 396
2. रा0वि0 कि0का0 1199/ 3. रा0वि0अयो0का0 504/ 4. रा0वि0अयो0का0 827
5. रा0वि0लं0का0 2149

आधुनिक हिन्दी में कृदन्ती रूपों के प्रयोग बढ़ गए हैं; जब कि चंद की भाषा में कृदन्ती रूपों की वृद्धि के संकेत मिलते हैं। वस्तु इस विवेचन से यह स्पष्ट है कि महाकवि चंद ने भाषा के व्यापक विस्तृत क्षेत्रों को अत्यन्त चारु-कौशल-युक्त व्याकरणिक व्यवस्था में संगठित, सुरक्षित कर प्रस्तुत किया है। ब्रज तथा अवधी का सुन्दर सम्मिश्रण है। प्राचीन भारतीय आर्य भाषा, मध्य भारतीय आर्य भाषा एवं आधुनिक आर्यभाषा के चिन्हों से युक्त चंद की भाषा हिन्दी के पुष्ट स्वरूप को इंगित करती है।

....

2• ध्वनि-विचार

2•1 ध्वनि एवं वर्ण: एक तात्त्विक दृष्टि -

मानव वाग् अवयवों से उत्पन्न महत्वपूर्ण ध्वनि जो किसी भाषा में अपनी सार्थकता सिद्ध करती है, भाषा विज्ञान में "ध्वनि" नाम से अभिहित की जाती है । सार्थक ध्वनि का लिखित प्रतीक "वर्ण" है । प्रत्येक भाषा उच्चारण की विशिष्ट ध्वनियों से अभिव्यक्त होती है । सभी प्रकार की ध्वनियों के लिए उस भाषा की वर्णमाला में वर्ण [लिपि-चिन्ह] का उपलब्ध होना असंभव है । अधिकांशतः महत्वपूर्ण ध्वनियों को अंकित करने के लिए लिपि-चिन्ह निर्धारित होते हैं । परिस्थिति जन्य उच्चरित ध्वनि के अन्तर को स्पष्ट करने के लिये वर्णमाला में वर्णों का होना दुष्कर है ।

विशुद्ध उच्चारण सौकर्य की दृष्टि से देवनागरी लिपि भी सक्षम सिद्ध नहीं हो सकती है । प्रस्तुत दृष्टि से आलोच्य महाकाव्य की भाषा का, विशुद्ध उच्चारण के परिप्रेक्ष्य में देवनागरी लिपि के माध्यम से समुचित अंकन हुआ होगा, ऐसा कहना संभव नहीं, जैसे -

छन्दों में अनेक स्थानों पर आलोच्य महाकाव्य की भाषा में "ए" और "ओ" को दीर्घ मानकर उन्हें दो मात्रायें दी गई हैं, वहाँ कुछ ऐसे भी स्थान हैं, जहाँ उनका ह्रस्व रूप में उच्चारण होने के कारण उन्हें एक मात्रा प्राप्त हुई है -

दीर्घ "ए" तथा "ओ"- ये[1], एक[2], बोलेउ[3], सहोदर[4], मोसों[5]

ह्रस्व "ए" तथा "ओ"- येहि[6], लिखेउ[7], पठयेउ[8], नाए[9]

1• रा०वि०उ०का०3170/ 2• रा०वि०बा०का०28/ 3• रा०वि०लं०का० 2383
4• रा०वि०उ०का०2837/ 5• रा०वि०उ०का०3197/ 6• रा०वि०उ०का०3434
7• रा०वि०बाल का०121/ 8• रा०वि० बा०का०139/ रा०वि०बा०का०65

होय[1], मोहि[2], मोहे[3]

अतः वर्णमाला में "ए" एवं "ओ" के ह्रस्व रूपों के वर्ण उपलब्ध न होने के कारण दीर्घ रूप को अंकित करने वाले वर्णों "ए" तथा "ओ" को प्रयुक्त किया गया है। "ए" के स्थान पर "ये" का बाहुल्य है।

कभी-कभी परम्परा से प्रभावित होकर अथवा उच्चारण सुविधाओं स्वच्छन्दता के कारण त्रुटिपूर्ण वर्णों का प्रयोग चल पड़ता है, जैसे - "ख" के लिए "ष" [ग्राम्य संज्ञाओं सहित] वर्ण का प्रयोग। यथा- भाषौं[4], [अभिलाषौं], भाषो[5], सुषद[6], सोषेउ[7], पषार[8]

2.2 <u>ध्वनि समूह और उसका विभाजन</u> -

उच्चारण- स्थानों की दृष्टि से आलोच्य "रामविनोद" महाकाव्य की भाषा में प्राप्त दस स्वरों को इस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है -

1. मूल -
[अ] ह्रस्व - अ, इ, उ
[ब] दीर्घ- आ, ई, ऊ, ए, ओ
2. संयुक्त स्वर- ऐ [अ + इ, अ + य], औ [अ + उ, अ+व]
3. अनुनासिक स्वर- समस्त स्वरों के अनुनासिक रूप भी प्राप्त होते हैं, यथा-

[अ] मूल- अँ, आँ, इँ, ईं, उँ, ऊँ, एँ, एवम् ओं।
[ब] संयुक्त - ऐं तथा औं।

---

1. रा0वि0कि0का0 1880/ 2. रा0वि0अयो0का0 668/ 3. रा0वि0बा0का0 199
4. रा0वि0सु0का0 1756/ 5. रा0वि0उ0 का0 3403/ 6. रा0वि0अयो0का0 509
7. रा0वि0लं0का0 1797/ 8. रा0वि0बा0का0 290

"ऐ" तथा "औ" के सम्बन्ध में विवादास्पद स्थिति परम्परा से चली आई है। "ऐ" [अ + इ] अथवा [अ+ए] तथा "औ" [अ + उ] अथवा [अ + ऊ] दो स्वरों के संयुक्त रूप हैं, किन्तु उच्चारण एक ही मात्राकाल में होने के कारण आधुनिक हिन्दी में इन्हें मूल स्वर के रूप में स्वीकार कर लिया गया है।

दो स्वरों का मिश्रित रूप जिसमें प्रत्येक अपने अस्तित्व को विलय कर एकाकार स्वर में शीघ्रतापूर्वक उच्चरित होता है, संयुक्त स्वर कहलाता है। शीघ्रतापूर्वक उच्चरित आरम्भिक स्वर अत्यन्त संक्षिप्त हो जाता है एवं अविलम्ब जिह्वा दूसरे स्वर का उच्चारण करने लगती है। दोनों स्वर अपूर्ण होते हुए भी अपने योग से एक नवीन स्वर का सृजन करते हैं जो संयुक्त रूप से उच्चरित किया जाता है। प्रस्तुत "रामविनोद" महाकाव्य में "ऐ" तथा "औ" वर्णों का प्रयोग हुआ है, यथा-

ऐसो[1], कैसो[2], कैसे[3], और[4]

यत्र - तत्र "ऐ" के लिए "अय" तथा "औ" के लिए "अव" का प्रयोग महाकाव्य में उपलब्ध होता है -

गुरु आयस लय रघुनाथ प्रभु तब सीस जटा पुनि मंजन कीन्हो[5]।
पद रतन जराय जड़ै दुरेवा सिव ध्यान की मरज तरंग भरे।[6]
तिमिर रच सह प्रकास विकासे चकवी मुख मंद कुतार हारी।[7]
मोतिन को रच चक मोरिह आपे गोमहिं काज सँवारो[8]
सो सुनि कनक बिहंग अति लोभी काम विवेक।[9]

1•रा०वि०लं०का०251/ 2• रा०वि०उ० का०307/ 3•रा०वि०अर०का०1142
4•रा०वि०बा०का०100/ 5• रा०वि०उ० का०2789/ 6•रा०वि०सु०का०251
7•रा०वि०बा०का०328/ 8• रा०वि०बा०का० 312/9•रा०वि०बा०का० 204

ह्रस्व तथा दीर्घ स्वर अपने ध्वनि-संकेतों [वर्णों] के माध्यम से अंकित हुए हैं -

अनुराग[1], अवसर[2], आदत[3], वर्षा[4], ईता[5], उदार[6], ऊमर[7], ओट[8], औगुन[9] आदि।

आलोच्य "रामविनोद" महाकाव्य की भाषा में ध्वनि संकेतों के अतिरिक्त इन ह्रस्व तथा दीर्घ स्वरों के मात्रिक-चिन्ह भी व्यंजनों के साथ प्रयुक्त किए गए हैं। व्यंजनों के साथ स्वरों का अस्तित्व बताने के लिए इन्हीं मात्रिक चिन्हों का प्रयोग किया गया है जो क्रमशः इस प्रकार है ; यथा -

मदन[10] में म् + अ, द् + अ एवं न् + अ की अभिव्यक्ति मानते हैं, इसके लिए भिन्न मात्रिक चिन्ह नहीं है। व्यंजन में ही "अ" की सत्ता सम्मिलित है। अन्य स्वरों के लिपि चिन्ह क्रमशः निम्नांकित स्पष्ट हैं : -

आ के लिए लिपि चिन्ह [T] नाव[11], धाम[12], दान[13], सभा[14], नाना[15]

इ के लिए लिपि चिन्ह [ि] मिलन[16], किया[17]

ई के लिए लिपि चिन्ह [ी] नारी[18], बीस[19]

उ के लिए लिपि चिन्ह [ु] मधु[20], पुनि[21], गुरु[22]

---

1. रा०वि०लं०का०2172/ 2. रा०वि०लं०का०2147/ 3. रा०वि०सु०का०169।
4. रा०वि०बा०का०421/ 5. रा०वि०लं०का०1925/ 6. रा०वि०अयो०का०828
7. रा०वि०लं०का०2695/ 8. रा०वि०सु०का०1505/ 9. रा०वि०बा०का०407
10. रा०वि०अयो०का०470/ 11. रा०वि०अयो०का०455/ 12. रा०वि०लं०का०2063
13. रा०वि०कि०का०1175/ 14. रा०वि०अर०का०946/ 15. रा०वि०उ०का०2937
16. रा०वि०बा०का०206/ 17. रा०वि०उ०का०3012/ 18. रा०वि०अर०का०1098
19. रा०वि०सु०का०1396/ 20. रा०वि०सु०का०1410/ 21. रा०वि०उ०का०3019
22. रा०वि०उ०का०3011।

"ऋ" ध्वनि -

देवनागरी लिपि [वर्णमाला] में "ऋ" ध्वनि को मूल स्वरों के अन्तर्गत स्थान दिया गया है। अवधी के प्रामाणिक महाकाव्य श्री राम-चरित मानस" में "ऋ" का प्रयोग "रि" के रूप में बहुलता से उपलब्ध होता है। ऐसा लगता है कि मूल स्वर "ऋ" का उच्चारण "रि" के अनुरूप किया जाता था। प्रस्तुत "राम विनोद" महाकाव्य "ऋ" का प्रयोग मात्र 2 स्थानों पर एवं "रि" का प्रयोग अधिकता से किया गया है -

ऋषय को धाम तथा ऋषि ग्राम लखे मुनि के भल सुख सुधारे।[1]
पुनि पूछ तुम्हार कथा बरनी करनी यहु सिद्ध विचार करे।[2]

रिषि - सुरत नैन विलोक सबै रिषि हेर हिये अति आदर कीन्हो[3]।
सबी सुमत विवेक सुभ, जो बरनी रिषि राज[4]।
रिषि पावन युग कोर, हेरो मोहिं निवास उर[5]।
आन सिंधु अस्थान रिषि सनमान आदर सो किये।[6]
रिषि नारी सेवा करें, धारे निरंतर भाव।[7]

रितु- बरखा रितु पूरन बीत गई।[8]
बरखा रितु वास निवासन मे उर सोंहन सोंह विचारा भयेउ।[9]

रिचा- मुनि गाय सो वेद रिचा सुना सो पुनि भूषन अंग अंगारे।[10]
राजत सुंदर धाम महा बहु पंडित वेद रिचा उचारे।[11]

---

1. रा०वि०बालका०122/ 2. रा०वि० उ०का०3052/ 3. रा०वि०बालका०123
4. रा०वि०अयो०का०449/ 5. रा०वि०उ०का०2931/ 6. रा०वि०उ०का०3012
7. रा०वि०उ०का०3013/ 8. रा०वि०कि०का०1292/ 9. रा०वि०कि०का०1310
10. रा०वि०बालका०279/ 11. रा०वि०बालका०312

व्यंजन ध्वनियाँ

आलोच्य "रामविनोद" महाकाव्य की भाषा में निम्नांकित व्यंजन प्रयुक्त किये गये हैं -

[1.] स्पर्श कण्ठ्य - क्, ख् [ष], ग्, घ्।

तालव्य - च्, छ्, ज्, झ्।

मूर्धन्य - ट्, ठ्, ड्, ढ्।

दन्त्य - त्, थ्, द्, ध्।

द्वयोष्ठ्य - प्, फ्, ब्, भ्।

[2.] नासिक्य - न्, न्ह्, म्, म्ह्, ण्।

[3.] उत्क्षिप्त - ड़्, ढ़्।

[4.] पार्श्विक - ल्।

[5.] लुण्ठित - र्।

[6] संघर्षी - श् [ष], स्, ह्।

[7.] अनुस्वार - ं

[8.] विसर्ग - :

नासिक्य व्यंजन -

आलोच्य "रामविनोद" महाकाव्य के अन्तर्गत ङ्, ञ, तथा ण् ध्वनियाँ अपने मूल रूप में नहीं प्राप्त होती हैं उनके स्थान पर सर्वत्र अनुस्वार [ं] का प्रयोग उपलब्ध होता है। प्रायः यह व्यंजन पद मध्य में प्रयुक्त किये गये हैं। "ङ्" क वर्ग से पूर्व, "ञ" च वर्ग से पूर्व तथा "ण्" ट वर्ग के पूर्व अनुस्वार [ं] के रूप में दृष्टिगोचर होता है, उदाहरणार्थ -

ङ्- शंकर[1], सिंगा[2], गंगा[3], पुंगी[4], कुंकुम[5], संकट[6], संकर[7]

---

1. रा०वि०बा०का०210/2. रा०वि०बा०का०226/3. रा०वि०अयो०का०759

4. रा०वि०अर०का०936/5. रा०वि०अयो०का०465/6. रा०वि०अयो०का०765

7. रा०वि०अयो०का०797

रैन के वियोग कंा संग पाय डोलई ।[1]

तन वीर सुभान कंा मधि परत सो तन संग।[2]

लै जानकी निज संग अबही बुद्धि सिद्धि विचार के।[3]

बरनौ बान बसि तहँ धावे मारुत संग।[4]

धन्य सतसंग जहाँ ध्यान पाइहु । प्रगट पद दया रघ राम गाइहु।[5]

यद्यपि "ग्" की अपेक्षाकृत "ड्" का प्रयोग अधिकांश रूप में प्राप्त होता है ।

"म्ह" तथा "न्ह" क्रमशः "म्" और "न" ध्वनियों के महाप्राण स्वरूप हैं ।

इनका प्रयोग पद मध्य में उपलब्ध होता है । "म्ह" तथा "न्ह" को वर्णमाला में नहीं अंकित कियाजाता, ये दो वर्णों के सम्मिश्रण से महा प्राण के रूप में अंकित किए गए हैं । आलोच्य "राम विनोद" महाकाव्य में "म्ह" और "न्ह" पर्याप्त मात्रा प्रयुक्त किये गए हैं -

म्ह= म्हा = म्हे = म्है = तुम्हरे[6], तुम्हरो[7], तुम्हारे[8], तुम्हे[9]
तुम्हे[10], तुम्हारा[11], तुम्हरी[12]

न्ह = न्ही = [illegible] = न्हे = न्है = [illegible] न्हे = न्है = न्हो न्हों = न्हो
न्हो

न्ह - तिन्ह[13], जिन्ह[14], चीन्ह[15]

---

1. रा० वि० अ० का० 939/2. रा० वि० कि० का० 1256/3. रा० वि० सुं० का० 1727
4. रा० वि० लं० का० 2526/5. रा० वि० उ० का० 3304/6. रा० वि० बा० का० 220
7. रा० वि० लं० का० 1921/8. रा० वि० बा० का० 410/9. रा० वि० उ० का० 3214
10. रा० वि० अ० का० 876/11. रा० वि० बा० का० 133/ 12. रा० वि० बा० का० 407
13. रा० वि० लं० का० 2714/14. रा० वि० अयो० का० 792/ 15. रा० वि० उ० का० 3436

बरनै अस्तुत नीत, बारंबार अशीषा दै[1]।

ग- "ष्" के लिए लिपि में "ख" का प्रयोग -

तब जोग भीखा ओखा प्रभु रच दिव्य भूखन भाय तो[2]।

कह प्रान प्रिया सुखागार अहै। सुखधाम शरीर बिशाखा सबै[3]।

बरषी सर सक्ति अनेक बली। तब भाग को सुर शाखे शाखी।[4]

घ-"ष्" के लिए "ह" का प्रयोग -

पुष्प = पुहुप - सुरकर्णी पुहुप बिशाल सुंदर बिहँस चहुँदिसि डोलई।[5]

पुष्पलता = पुहुपलता- राजीव देख न भूला तहँ पुहुपलता अनुराग।[6]

पुष्पक विमान- पुहुपबिमान- आरुढ़ पुहुप बिमान तिन सहित रतन पट पाट।[7]

इसके अतिरिक्त आलोच्य महाकाव्य में "ष" पदादि, मध्य एवं अन्त में उपलब्ध होता है; जैसे -

आदि	मध्य	अन्त
षटरस[8], षष्टमी, षट[9],	सुषमा[11], दूषन[12],	दोषा[14], पोषा[15]
षटमास[10]	भूषन[13]	अभिषा[16]

2.2.2 ध्वनियों का लिप्यन्तरण -

विश्व की प्रत्येक भाषा में न्यूनाधिक रूप में विजातीय शब्द प्रयुक्त प्राप्त होते हैं। आलोच्य "रामविनोद" महाकाव्य की भाषा में तत्सम, अर्धतत्सम, तद्भव, विदेशी एवं प्रान्तीय भाषाओं तथा क्षेत्रीय बोलियों की शब्दावली का प्रचुर समावेश प्राप्त होता है;

---

1. रा0वि0बा0का0350/2. रा0वि0अयो0का0814/3. रा0वि0सु0का01501
4. रा0वि0लं0का02305/5. रा0वि0बा0का0308/6. रा0वि0सु0का01545
7. रा0वि0लं0का02684/8. रा0वि0बा0का0290/9. रा0वि0बा0का0329
10. रा0वि0लं0का02815/11. रा0वि0अर0का0976/12. रा0वि0अर0का01004
13. रा0वि0अर0का01074/14. रा0वि0अर0का01039/15. रा0वि0लं0का02139
16. रा0वि0लं0का02337

जिसके कारण भाषा-का वैशिष्ट्य के अतिरिक्त ध्वनि परिवर्तन दृष्टिगत होते हैं । परिवर्तन भाषा प्रगति की प्रमुख प्रवृत्ति होती है । आलोच्य "रामविनोद" महाकाव्य रामकाव्य है, जिसका प्रणयन काल कार्तिक मास से लेकर माघ मास सं0 1804 है ।[1] इस प्रकार यह सिद्ध हो जाता है कि गो0 तुलसीदास जी की प्रमुख रचना अवधी के महाकाव्य श्री रामचरित मानस के प्रणयन के 175 वर्ष पश्चात "रामविनोद" महाकाव्य की रचना पूर्ण हुई । सं0 1800 तक के दीर्घ समय तक श्री रामचरित मानस का पर्याप्त प्रसार प्रचार हो गया होगा । इसी लिए रामकथा को माध्यम बनाकर महाकवि चन्द ने "रामविनोद" महाकाव्य का सृजन किया । अतः भाषा पर भी उसकी छाप यत्र-तत्र पड़ना स्वाभाविक है । किन्तु समय के पर्याप्त अन्तराल में शब्दगत ध्वनियों में बहुत से परिवर्तन हुए होंगे, जिसके कारण लोप, आगम, विपर्यय, विकारीकरण, ह्रस्वीकरण आदि संभाव्य हैं ।

ध्वनियों के लिप्यन्तरण में विभिन्नता के प्रमुख चार कारण संभव हैं -

§1§ उच्चारण-वैविध्य, § 2 § मात्रापूर्ति, § 3 § लिपि में आरोपण विकल्प, §4§ लिपि चिन्हों का अभाव ।

§1§ <u>उच्चारण-वैविध्य-</u>

एक कहावत है- "कोस-कोस पर पानी बदले चार कोस पर बानी" । तात्पर्य यह है कि प्रत्येक 10 से 15 कि0मी0 की दूरी पर भाषा में परिवर्तन

1- बालकाण्ड की पुष्पिका द्रष्टव्य है -

सोरठा- अठारह से अरु चार, वर्ष पुन्न भावन सुदिन ।
कातिक सुनि सुखकार, शुक्ल पक्ष तिथि अष्टमी ।।426

उत्तरकाण्ड की समाप्ति अर्थात, "रामविनोद" महाकाव्य का अंतिम दोहा-

दोहा- सम्वै अठारह से बरस, अवर चार पर मान ।
माघ शुक्ल तिथि अष्टमी, बरनेउ चंद पुरान ।। 3512

हो जाता है। बोली भूगोल के सर्वेक्षण से यह सिद्ध भी हो चुका है। आलोच्य "रामविनोद महाकाव्य की भाषा में क्षेत्रीय अन्तर प्राप्त होता है। क्षेत्रीय अन्तरों के कारण भाषा में उच्चारण वैविध्य दृष्टिगोचर होता है। एक ही शब्द के अनेकानेक ध्वन्यात्मक रूपों से यह तथ्य अत्यन्त स्पष्ट हो जाता है। ध्वन्यात्मक परिवर्तन उच्चारण वैविध्य ऐतिहासिक दृष्टि से भी सम्भव रहता है।

उदाहरणार्थ -

पाँय[1]- पाँव[2]- पाउँ[3], मस्तक[4]-मसतक[5]-मातिक[6],
सत्य[7]-सत्त[8]-सत[9], प्रकट[10]-प्रगट[11]- प्रगाट[12],
सीय[13]-सीउ[14], आत्मा[15]- आतमा[16], युवती[17] जुवती[18],
प्रभु[19]- प्रभु[20], प्रभु[21] - प्रभु[22], प्रीति[23] प्रीत[24],
यश[25]- जस[26], धेनु[26]- धेन[28], घाय[29]- घाउ[30],

---

1. रा0 वि0 अयो0 का0 605/2. रा0 वि0 बा0 का0 90/3. रा0 वि0 बा0 का0 198
4. रा0 वि0 उ0 का0 3127/5. रा0 वि0 बा0 का0 2622/6. रा0 वि0 अर0 का0 1127
7. रा0 वि0 बा0 का0 162/8. रा0 वि0 बा0 का0 164/9. रा0 वि0 उ0 का0 2772
10. रा0 वि0 लं0 का0 2590/11. रा0 वि0 उ0 का0 3301/12. रा0 वि0 सु0 का0 1490
13. रा0 वि0 अयो0 का0 453/14. रा0 वि0 बा0 का0 345/15. रा0 वि0 उ0 का0 2890
16. रा0 वि0 उ0 का0 2890/17. रा0 वि0 बा0 का0 198/18. रा0 वि0 बा0 का0 257
19. रा0 वि0 बा0 का0 15/20. रा0 वि0 अर0 का0 1142/21. रा0 वि0 उ0 का0 2965
22. रा0 वि0 उ0 का0 3001/23. रा0 वि0 सु0 का0 1514/24. रा0 वि0 बा0 का0 185
25. रा0 वि0 बा0 का0 221/26. रा0 वि0 बा0 का0 316/27. रा0 वि0 बा0 का0 351
28. रा0 वि0 अयो0 का0 847/29. रा0 वि0 अर0 का0 1046/30. रा0 वि0 अयो0 का0 704

(ii) मात्रापूर्ति -

ध्वनि परिवर्तन का कारण छन्दानुरोध-

आलोच्य "रामविनोद" महाकाव्य में छन्दानुरोध की समस्या के समाधान स्वरूप मात्रापूर्ति निम्नांकित प्रक्रियाओं से ध्वनि परिवर्तन कर लिए गए हैं -

(क) **ह्रस्वीकरण** - नारी - नारि[1], पुरी - पुरि[2],
नासेउ - नसेउ[3], सुंदरी - सुंदरि[4],
आनंदित - अनंदित[5], आहार - अहार[6],
केशरी - केशरि[7],

(ख) **क्षतिपूर्ति रहित द्वित्व व्यंजन का सरलीकरण -**

चित्त - चित[8], मुक्ता - मुकता[9], [illegible] - बिरदा[10],
शब्द - सबद[11], परस्पर - परसपर[12], उत्पात- उतपात[13],

(ग) **अनुस्वार का अनुनासिकीकरण -**

बंटा - बाँटा[14], विहंग - विहँग[15], कंटे- काँटे[16],
मांस - माँस[17], पंक्ति - पाँति[18]।

---

1. रा० वि० बा० का० 411/2. रा० वि० बा० का० 396/3. रा० वि० अर० का० 914
4. रा० वि० अयो० का० 462/5. रा० वि० उ० का० 3232/6. रा० वि० सु० का० 1662
7. रा० वि० सु० का० 1735/8. रा० वि० अर० का० 1152/9. रा० वि० कि० का० 1285
10. रा० वि० बा० का० 28/11. रा० वि० कि० का० 1284/12. रा० वि० कि० का० 1240
13. रा० वि० लं० का० 2021/14. रा० वि० सु० का० 1663/15. रा० वि० कि० का० 1281
16. रा० वि० लं० का० 2893/17. रा० वि० अर० का० 1015/18. रा० वि० लं० का० 2005

(ग) "औ" संयुक्त स्वर, "अव" के रूप में -

औ > अव : कौन - कवन[1], दौर- दवर[2], ठौर - ठवर[3],
मौर - मवर[4], मौज - मवज[5],
कौशिल्या - कवशिल्या[6], औंटाटा-अवटाटा[7]।

(ङ) "बिहार में गति को गत, जाति को जात, साधु को साध, मधु को मध कहते हैं।"[8] अन्त की "इ" विलुप्त हो जाती है। चूँकि "रामविनोद" महाकाव्य की मूल प्रति कैथी लिपि में अंकित होने के कारण बिहार की भाषा से प्रभावित हुए लिए हुए है, अतः अन्त की "इ" विलुप्त हो गई है- विदिटा-विदटा[9]
प्रीति - प्रीत[10], सुमति -सुमत[11], आदि- आद[12]
रीति- रीत[13], मीति- मीत[14], नारि- नार[15], निति-निस[16],
विपति - विपत[17], मनिहार- मनहार[18]।

(च) संयुक्त व्यंजनों में आगत नासिक्य व्यंजनों ङ, ञ, ण, न, म को अनुस्वार द्वारा प्रदर्शित किया गया है -
ङ - तुरंग[19], लंका[20], अंगन[21], मंगल[22], रंग[23], सिरंग[24]।

---

1. रा० वि०अयो०का०461/2. रा० वि०अयो०का०490/3. रा० वि०अयो०का०490
4. रा० वि०बा०का०250/5. रा० वि०बा०का०251/6. रा० वि०अयो०का०720
7. रा० वि०लं०का०2137/8. रा० बिहार राष्ट्रभाषा "परिषद् पत्रिका" वर्ष 20 अंक 3 पृष्ठ 53
9. रा० वि०अयो०का०434/10. रा० वि० कि०का०1175/11. रा० वि०सु०का०1390
12. रा० वि०अर०का०920/13. रा० वि०920/14. रा० वि० कि०का०1190
15. रा० वि० कि०का०1195/16. रा० वि०सु०का०1426/17. रा० वि० कि०का०1257
18. रा० वि०अयो०का०487/19. रा० वि०बा०का०225/20. रा० वि०लं०का०2316
21. रा० वि०बा०का०212/22. रा० वि०लं०का०2602/23. रा० वि०उ०का०3135
24. रा० वि०लं०का०2058

ञ् कुंज बिहारी[1], मंजन[2], बिंजन[3], कंज[4], चंचल[5], बिरंच[6]।

ण् - कुंडल[7], मंडप[8], प्रचंड[9], पिंड[10], दंड[11], कमंडल[12]।

न् - कुमार सिंधु[13], मंदिर[14], चंदन[15], कांत[16], दंत[17], मंत्र[18]।

म् - स्वयंबर[19], गंभीर[20], कुंभज[21], जंबुक[22], स्तंभ[23], तंबा।[24]

(IV) लिपि-चिह्नों का अभाव -

विदेशी (अरबी- फारसी) व्यंजन ध्वनियों में परवर्ती- क़, ख़, ग़, ज़, फ़, क्रमशः क, ख, ग, ज, तथा फ में परिवर्तित हो गई हैं ; यथा-

क़	क	बिक़रार, लायक़	बिकरार[25], लायक[26]
ख़	ख	ख़्याल	ख्याल[27]
ग़	ग	ग़ुमान, ग़ुमान्न	गुमान[28], गुमान्न[29]
ज़	ज	हज़ार, बाज़, जैं	हजार[30], बाज[31], जैं[32]
		बज़ार, बज़ाज	बजार[33], बजाज[34]
फ़	फ	फ़रार	फरार[35]

---

1. रा0 वि0 अयो0 का0 548/2. रा0 वि0 अयो0 का0 809/3. रा0 वि0 बा0 का0 234
4. रा0 वि0 कि0 का0 1160/5. रा0 वि0 बा0 का0 224/6. रा0 वि0 लं0 का0 1933
7. रा0 वि0 बा0 का0 242/8. रा0 वि0 बा0 का0 266/9. रा0 वि0 बा0 का0 348
10. रा0 वि0 अयो0 का0 808/11. रा0 वि0 उ0 का0 2872/12. रा0 वि0 उ0 का0 2872
13. रा0 वि0 बा0 का0 203/14. रा0 वि0 बा0 का0 206/15. रा0 वि0 बा0 का0 234
16. रा0 वि0 कि0 का0 1278/17. रा0 वि0 अयो0 का0 746/18. रा0 वि0 कि0 का0 1162
19. रा0 वि0 बा0 का0 210/20. रा0 वि0 अयो0 का0 802/21. रा0 वि0 उ0 का0 3174
22. रा0 वि0 लं0 का0 2064/23. रा0 वि0 लं0 का0 1933/24. रा0 वि0 बा0 का0 344
25. रा0 वि0 अयो0 का0 804/26. रा0 वि0 बा0 का0 361/27. रा0 वि0 उ0 का0 3067
28. रा0 वि0 लं0 का0 1828/29. रा0 वि0 लं0 का0 2169/30. रा0 वि0 उ0 का0 2859
31. रा0 वि0 उ0 का0 3099/32. रा0 वि0 लं0 का0 2014/33. रा0 वि0 उ0 का0 2861
34. रा0 वि0 उ0 का0 2860/35. रा0 वि0 अयो0 का0 608

इसी प्रकार अरबी- फारसी शब्दों में विशिष्ट स्वर- जो प्रयुक्त होते हैं - काव्य भाषा के अनुरूप परिवर्तित हो गए हैं; यथा- बख्शी[1], नवबत[2], अम्मार[3], गुमार[4], तामा[5], अहल[6], पहल[7] आदि ।

2.3 <u>ध्वनिग्राम- स्वर तथा व्यंजन और अर्ध-स्वर</u>

2.3.1 <u>स्वर - ध्वनिग्राम -</u>

महाकवि चंद्रकृत "रामविनोद" महाकाव्य की भाषा में प्राप्त दस स्वर ध्वनियाँ इस प्रकार हैं -

अ , आ, इ, ई, उ , ऊ, ए , ऐ , ओ, औ = 10

निम्नांकित प्रकार से उपर्युक्त प्राप्त महत्त्वपूर्ण ध्वनियों को व्यवस्थित किया जा सकता है -

1 <u>मूल</u> -

क- ह्रस्व - अ , इ , उ , ।

ख- दीर्घ- आ , ई , ऊ , ए , ओ ।

2 <u>संयुक्त स्वर-</u>

ऐ (अइ, अय), औ (अउ, अव) (स्वरों के अन्तर्गत "अ" तथा "आ" को ह्रस्व और दीर्घ कहकर अभिहित किया जाता है ।[8] किन्तु "इनके उच्चारण में केवल मात्रा-काल का ही अन्तर नहीं है, बल्कि उच्चारण प्रयत्न और जिह्वा के व्यवहृत भाग की दृष्टि से भी अन्तर है ।"[9] यही स्थिति

---

1. रा० वि० बा० का० 5/2. रा० वि० बा० का० 51/3. रा० वि० बा० का० 304.
4. रा० वि० अर० का० 929/5. रा० वि० अ० का० 3047/6. रा० वि० सु० का० 139।
7. रा० वि० सु० का० 1400/8. डॉ० उदय नारायण तिवारी: भाषा शास्त्र की रूप रेखा पृ० 260
9. डॉ० कैलाश चन्द्र अग्रवाल: आधुनिक हिन्दी व्याकरण तथा रचना पृ० 4

इ, ई, उ ऊ स्वरों के संबंध में है। भाषा विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में "इन्हें एक ही ध्वनिग्राम के संस्वन मान लेना ही अवैज्ञानिक एवं भ्रमपूर्ण होगा।"[1क] इन स्वरों के लिपि-चिन्हों के विषय में विस्तृत विवरण विषय-क्रम 1.2.2.1 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया जा चुका है।

यहाँ पर ध्वनिग्रामीय स्वरूप के निर्धारण के लिए औचित्य परिपूरक एवं व्यतिरेकी स्थितियों पर विचार प्रस्तुत किये जा रहे हैं -

शब्द की तीनों स्थितियाँ -

	आदि	मध्य	अन्त
अ-	अवनीश[1], अनी[2]	धरन[3], भारत[4]	सीअ[5], पुअ[6]
आ-	आतुर[7], आहार[8]	अपाय[9], पैआन[10]	दिआ[11], कुआ[12]
इ-	इसु[13], इती[14]	अभिन[15], पानी[16]	दुइ[17], खोइ[18]
ई-	ईस[19], ईसा[20]	पचीस[21], महीप[22]	तमाई[23], जमाई[24]

1क- डॉ० जनार्दनसिंह: तुलसी की भाषा पृ० 51

1. रा0 वि0 बा0 का0 0203/2. रा0 वि0 सु0 का0 1651/3. रा0 वि0 लं0 का0 1967

4. रा0 वि0 उ0 का0 2926/5. रा0 वि0 बा0 का0 0345/6. रा0 वि0 बा0 का0 029

7. रा0 वि0 बा0 का0 0205/8. रा0 वि0 अयो0 का0 0746/9. रा0 वि0 बा0 का0 0320

10. रा0 वि0 अयो0 का0 0730/11. रा0 वि0 लं0 का0 0257/12. रा0 वि0 अयो0 का0 0812

13. रा0 वि0 बा0 का0 0347/14. रा0 वि0 लं0 का0 1658/15. रा0 वि0 उ0 का0 2774

16. रा0 वि0 400/17. रा0 वि0 बा0 का0 0585/18. रा0 वि0 बा0 का0 0348

19. रा0 वि0 बा0 का0 0205/20. रा0 वि0 लं0 का0 1925/21. रा0 वि0 बा0 का0 0394

22. रा0 वि0 अयो0 का0 0855/23. रा0 वि0 बा0 का0 0265/24. रा0 वि0 अयो0 का0 0581

"इ" तथा "ई" के मध्य -

(इ) - पारि[1] (पल), दिन[3] (दिवस), हारि[5] (राम)।

(ई) - पारी[2] (फुलवारी), दीन[4] (दरिद्र), हरी[6] (हरण)।

"उ" तथा "ऊ" के मध्य -

(उ) - सुर[7] (देवता), पुर[9] (नगर), दुत[11] (धुना)।

(ऊ) - सूर[8] (राय), पूर[10] (सम्पूर्ण), दूत[12] (पत्र)।

"ए" तथा "ऐ" के मध्य -

(ए) - बेर[13] (पुकार), बेद[15] (वेद), पलके[17] (क्षणमात्र)।

(ऐ) - बैर[14] (शत्रुता), बैद[16] (वैद्य), पलकै[18] (पलक)।

"ओ" तथा "औ" के मध्य -

(ओ) - ओर[19] (तरफ), खोर[21] (खोरागामी), मोर[23] (पक्षी)।

(औ) - और[20] (अन्य), खौर[22] (चन्दन का टीका), मौर[24] (सिरो-भूषण)।

---

1. रा० वि० लं० का० 1762/2. रा० वि० सुं० का० 1466/3. रा० वि० उ० का० 2945
4. रा० वि० उ० का० 2947/5. रा० वि० कि० का० 1161/6. रा० वि० अ० का० 1096
7. रा० वि० बा० का० 0308/8. रा० वि० उ० का० 3390/9. रा० वि० उ० का० 2778
10. रा० वि० उ० का० 2778/11. रा० वि० अयो० का० 0483/12. रा० वि० लं० का० 1901
13. रा० वि० उ० का० 2759/14. रा० वि० लं० का० 1824/15. रा० वि० अयो० का० 0464
16. रा० वि० लं० का० 2159/17. रा० वि० सुं० का० 1516/18. रा० वि० सुं० का० 1516
19. रा० वि० बा० का० 096/20. रा० वि० बा० का० 0100/21. रा० वि० बा० का० 096
22. रा० वि० बा० का० 076/23. रा० वि० अ० का० 1152/24. रा० वि० लं० का० 1937

"ऐ" तथा "औ" का क्रमशः अय तथा अव के रूप में उच्चारणानुसार प्रयोग प्राप्त होता है ; यथा-

ऐ - लै [1], रचै [2]

अय - लय[3], रचय[4]

औ - और [5] । अन्य ।

अव - अवर [6] ।अन्य। , पवक [7] ।पौक। , क्वशिल्या[8] ।कौशिल्या ।।

अय तथा अव के मध्य व्यतिरेकी स्थिति नहीं है ।

किन्तु "ऐ" तथा "औ" के मध्य है; यथा -

।ऐ। - मैन [9] ।कामदेव। , लै[11] ।क्रिया "लेना"।।

।औ। - मौन[10] ।चुप,शान्त।, लौ[12] ।अव्यय "पर्यन्त"। ।

अस्तु यह स्पष्ट हो जाता है कि आलोच्य ग्रन्थ में "ऐ" और "औ" संयुक्त स्वर हैं तथा स्वनिग्राम भी हैं ।

इस प्रकार स्वरों के परिवेश - आदि, मध्य एवं अन्त तथा व्यतिरेकी युग्मों में स्पष्ट हो जाता है कि आलोच्य महाकाव्य "रामविनोद" में प्रयुक्त दस स्वर स्वनिग्राम हैं -

अ, आ, इ, ई , उ, ऊ , ए , ऐ, ओ, औ = 10

1, रा0वि0 लं0का02368/ 2. रा0वि0अयो0का0443/3. रा0वि0उ0का03102
4. रा0वि0बा0का010/5. रा0वि0उ0का03391/6. रा0वि0अर0का01008
7. रा0वि0बा0का0312/8. रा0वि0अयो0का0720/9. रा0वि0अर0का0891
10. रा0वि0बा0का0106/11. रा0वि0लं0का02380/12. रा0वि0बा0का0173

अनुनासिकता -

स्वरों का संयोजन अनुनासिकता के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। अनुनासिकता स्वरों के साथ संयुक्त होती है। जब वायु मुख विवर एवं नासिका-विवर से उच्चारण करते समय बाहर निकलती है तभी अनुनासिकता का समावेश स्वरों के साथ संलग्न हो जाता है। इसके 2 प्रकार पाये जाते हैं -

1- अनुनासिकता - लिपि में इसके हेतु चन्द्र बिन्दु (ँ) चिन्ह का प्रयोग किया गया है -

साँची[1], हाँथ[2], सिहैं[3], फाँस[4], पाँच[5], साँस[6], भाँति[7], पाँच[8], बाँटा[9], सिहैं[10], माँहि[11], जहाँ[12], माँगी[13], बाँह[14], दाँय[15] आदि।

2. अनुस्वार -

स्वरों के पश्चात् उच्चरित नासिक्य तत्व है। लिपि में स्वरों के ऊपर बिन्दु (ं) लगाकर इसे आलोच्य महाकाव्य में अंकित किया गया है; यथा -

संदेश - कंठ[16], कुरंग[17], लंका[18], मंगल[19], संग[20], संकर[21]।

---

1. रा० वि० पु० का० 1463/2. रा० वि० पु० का० 1478/3. रा० वि० अर० का० 0931
4. रा० वि० पु० का० 1574/5. रा० वि० बा० का० 057/6. रा० वि० बा० का० 054
7. रा० वि० अयो० का० 0798/8. रा० वि० अर० का० 0977/9. रा० वि० अर० का० 01006
10. रा० वि० कि० का० 01278/11. रा० वि० कि० का० 01351/12. रा० वि० लं० का० 02306
13. रा० वि० उ० का० 02878/14. रा० वि० उ० का० 02735/15. रा० वि० उ० का० 03401
16. रा० वि० लं० का० 02653/17. रा० वि० अर० का० 01048/18. रा० वि० लं० का० 02633
19. रा० वि० अयो० का० 0503/20. रा० वि० बा० का० 0192/21. रा० वि० लं० का० 02562

जिसमें भी यह प्रवृत्ति प्राप्त होती है । स्वरों समीप अनुनासिकता है । अनुस्वार उच्चारण शैली से व्यंजन के अतिरिक्त व्यंजनवत् पाया जाता है । आलोच्य महाकाव्य की भाषा में दोनों का महत्व स्वाभाविक रूप से पृथक-पृथक प्रतिपादित है । वर्णमाला में नासिक्य वर्णों के स्थान पर अनुस्वार प्रयुक्त किए जाने से भाषा को सरलता प्राप्त हुई है । नासिक्य व्यंजन ध्वनियों को स्पष्ट करने में परसवर्ण नासिक्य "न" के संयुक्त स्वरूप से सहायता आई है । अभिव्यक्ति एवं व्याकरणिक अर्थ में अन्तर स्पष्ट करने के कारण अनुनासिकता का औचित्य समुचित है, यथा-

"रामविनोद" महाकाव्य में अनुनासिकता (ँ) एवं अनुस्वार (ं) के मध्य व्यतिरेकी स्थितियाँ -

अनुनासिकता - (ँ) = हँस[1] = (हँसना "क्रिया")

अनुस्वार - (ं) = हंस[2] = (पक्षी "संज्ञा")

निरनुनासिक तथा अनुनासिक के मध्य व्यतिरेकी स्थितियाँ-

निरनुनासिक - मास[3] = माह , सास[5] (पारिवारिक संबंध),

अनुनासिक - माँस[4] = गोश्त , साँस[6] (निःश्वास),

अननुस्वार तथा अनुस्वार के मध्य व्यतिरेकी स्थितियाँ -

अननुस्वार - मद[7] = अभिमान , वश[9] = प्रभाव ,

अनुस्वार - मंद[8] = धीमा , वंश[10] = कुल .

1, रा० वि० सु० का० 174/2, रा० वि० कि० का० 1282/3, रा० वि० बा० का० 179
4, रा० वि० बा० का० 382/5, रा० वि० उ० का० 2982/6, रा० वि० बा० का० 1918
7, रा० वि० अर० का० 1090/8, रा० वि० बा० का० 126/9, रा० वि० अयो० का० 722
10, रा० वि० बा० का० 137

ग - "ह" से पूर्व प्रयुक्त स्वरों की मात्रा कुछ ह्रस्व हो जाती है; यथा -

देह[1], छोह[2], बिरह[3], सनेह[4], आह[5], सोहन[6], मोहन[7] आदि ।

		द्वयोष्ठ्य	दन्त्य	वर्त्स्य	तालव्य	मूर्धन्य	कंठ्य	स्वरयंत्रमुखी
स्पर्श	अल्पप्राण	प ब	त द		च ज	ट ड	क ग	
	महाप्राण	फ भ	थ ध		छ झ	ठ ढ	ख घ	
नासिक्य	अल्पप्राण	म		न	ञ	ण	ङ	
	महाप्राण	म्ह		न्ह				
पार्श्विक	अल्पप्राण			ल				
	महाप्राण							
लुण्ठित	अल्पप्राण			र				
उत्क्षिप्त	अल्पप्राण					ड़		
	महाप्राण					ढ़		
संघर्षी								
				स		ष		ह
अर्द्धस्वर								
		व			य			

1. रा०चि०कि०ता०121।/2. रा०चि०कि०ता०121।/3. रा०चि०कि०ता०120।
4. रा०चि०कि०ता०218/5. रा०चि०कि०ता०275/6. रा०चि०कि०ता०279
7. रा०चि०कि०ता०279

ज - जल[1] = पानी

झ - झल । के ।[2] = प्रतिबिम्बित

3- <u>मूर्धन्य वर्ग</u> -

ट , ठ , ड , ढ ।

ट , स्पर्श , अघोष , अल्प प्राण ।

ठ , स्पर्श , अघोष , महाप्राण ।

ड , स्पर्श , सघोष , अल्प प्राण ।

ढ , स्पर्श , सघोष , महाप्राण ।

<u>प्रयोग-स्थिति</u> -

ट - टारी[3], कटक[4], तट[5] ।

ठ - ठवर[6], ठठता[7], पीठ[8] ।

ड - डार[9], दंडक[10], बरिबंड[11] ।

ढ - ढहावा[12], -- , बढ़[13]।

तुल्य ध्वन्यात्मक वातावरण में व्यतिरेकी स्थिति में मूर्धन्य ध्वनियों की प्राप्ति आलोच्य महाकाव्य में नहीं हो सकी । किन्तु प्रयोग-दृष्टि से भाषा में महत्ता पूर्ण स्थिति है ।

---

1. रा० वि० बा० का० 196/ 2. रा० वि० बाल का० 225/ 3. रा० वि० लं० का० 257।
4. रा० वि० लं० का० 2323/ 5. रा० वि० कि० का० 1369/ 6. रा० वि० सु० का० 1420
[illegible] 7. रा० वि० अर० का० 1030/ 8. रा० वि० लं० का० 1929
9. रा० वि० लं० का० 2559/ 10. रा० वि० अर० का० 871/ 11. रा० वि० लं० का० 1924
12. रा० वि० लं० का० 2007/ 13. रा० वि० लं० का० 1820

4- <u>दन्त्य वर्ग</u> -

त , थ , द , ध ।

त -, स्पर्श , अघोष , अल्प प्राण ।
थ - स्पर्श , अघोष , महा प्राण ।
द - स्पर्श , सघोष , अल्प प्राण ।
ध - स्पर्श , सघोष , महा प्राण ।

<u>प्रयोग- स्थिति</u> -

त - तम[1] , आतम[2] , माता[3] ।
थ - थल[4] , प्रथम[5] , अनाथ[6] ।
द - दरिद्र[7] , वदन[8] , अनाद[9] ।
ध - धरनी[10] , अंधकार[11] , अपराध[12] ।

व्यतिरेकी स्थितियों द्वारा ध्वनिग्रामीय मूल्यांकन -

त - तल[13] = पाताल
थ - थल[14] = स्थल
द - दल[15] = सेना
ध - धार[16] = धार (धारा)

5- <u>ओष्ठ्य</u> - प , फ , ब , भ ।

प - स्पर्श , अघोष , अल्प प्राण ।
फ - स्पर्श , अघोष , महाप्राण ।
ब - स्पर्श , सघोष , अल्प प्राण ।
भ - स्पर्श , सघोष , महा प्राण ।

[illegible] 1. रा०पि०कि०का०1366/2. रा०पि०कि०1184
3. रा०पि०सुं०का०1404/4. रा०पि०कि०का०1301/5. रा०पि०लं०का०1876
6. रा०पि०कि०का०1277/7. रा०पि०कि०का०1171/8. रा०पि०सुं०का०1445
9. रा०पि०लं०का०2246/10. रा०पि०लं०का०2101/11. रा०पि०लं०का०2050
12. रा०पि०सुं०का०1435/13. रा०पि०कि०का०1325/14. रा०पि०अर०का०0960
15. रा०पि०अर०का०0976/16. " " लं० " 2210

प्रयोग-स्थिति -

प - पटु[1] , तपती[2] , दीप[3] ।

फ - फलता[4] , सफल[5] , — ।

ब - बनिता[6] , कुबजा[7] , बिंब[8] ।

भ - भावन[9] , कुभाट[10] , शोभा[11] ।

व्यतिरेकी स्थितियों द्वारा ध्वनिग्रामीय मूल्यांकन -

प - पट[12] = वस्त्र

फ - फट[13] = फटना

ब - बट[14] = बरगद तरु

भ - भट[15] = वीर

6- नासिक्य व्यंजन -

न , म ।

न - वर्त्स्य , नासिक्य , सघोष , अल्प प्राण ।

म - द्वयोष्ठ्य , नासिक्य , सघोष , अल्प प्राण ।

प्रयोग -स्थिति -

न - नर[16] , दानव[17] , सुमन[18] ।

म - मन[19] , ममता[20] , काम[21] ।

---

1. रा० मि० लं० का० 1911/2. रा० मि० सु० का० 1472/3. रा० मि० उ० का० 2992
4. रा० मि० लं० का० 2166/5. रा० मि० अयो० का० 0573/6. रा० मि० कि० का० 1300
7. रा० मि० उ० का० 3506/8. रा० मि० उ० का० 3444/9. रा० मि० सु० का० 1601
10. रा० मि० लं० का० 2236/11. रा० मि० उ० का० 2954/12. रा० मि० सु० का० 1595
13. रा० मि० बा० का० 0112/14. रा० मि० अयो० का० 0606/15. रा० मि० अयो० का० 0795
16. रा० मि० कि० का० 1159/17. रा० मि० लं० का० 2005/18. रा० मि० अर० का० 0935
19. रा० मि० अर० का० 0905/20. रा० मि० अर० का० 0949/21. रा० मि० लं० का० 02403

व्यतिरेकी स्थितियों द्वारा ध्वनिग्रामीय मूल्यांकन -

न - नख[1] = नाखून , बान[3] = बाण ।

म - मख[2] = यज्ञ , बाम[4] = स्त्री ।

"न्ह" तथा "म्ह" क्रमशः "न" और "म" के महा प्राण हैं -

न - का महाप्राण रूप "न्ह" है ।

म - का महा प्राण रूप "म्ह" है ।

न - तिन[5] , तिन्ह[6] ।

म - तुम[7] , तुम्हरे[8] ।

7- <u>पार्श्विक तथा लुण्ठित</u> - र , ल ।

र - वर्त्स्य , लुण्ठित , सघोष , अल्प प्राण ।

ल - वर्त्स्य , पार्श्विक , सघोष , अल्प प्राण ।

<u>प्रयोग - स्थिति</u> -

र - रस[9] , परम[10] , निरापद[11] ।

ल - लगात[12], कमल[13] , दाल[14] ।

व्यतिरेकी स्थितियों द्वारा ध्वनिग्रामीय मूल्यांकन-

र - नीर[15] = जल , दार[17] = गढ़ा ।

ल - नील[16] = रंग , दाल[18] = [illegible] ।

---

1. रा० पि० भा० का० 0250/2. रा० पि० भा० का० 0158/3. रा० शि० ध० पो० का० 0707

4. रा० पि० कि० का० 1169/5. रा० पि० कि० का० 1162/6. रा० पि० गं० का० 02714

7. रा० पि० कि० का० 1234/8. रा० पि० भा० का० 0245/9. रा० पि० अ० का० 0919

10. रा० पि० कि० का० 1311/11. रा० पि० कि० का० 1195/12. रा० पि० गं० का० 02384

13. रा० पि० गं० का० 02504/14. रा० पि० अ० का० 0895/15. रा० पि० भा० का० 0164

16. रा० पि० गं० का० 2171/17. रा० पि० गं० का० 1957/18. रा० पि० गं० का० 02246

8- <u>उत्क्षिप्त</u> - ड़ , ढ़ ।

ड़ - मूर्धन्य , सघोष , अल्प प्राण ।

ढ़ - मूर्धन्य , सघोष , महाप्राण ।

प्रयोग - स्थिति -

ड़ - --- , सड़ागन[1] , होड़[2] ।

ढ़ - ढ़ोर[3] , बढ़त[4] , दृढ़[5] ।

ड़ और ढ़ के पूरक वितरण में प्रयुक्त ड़ और ढ़ संस्वन हैं ।

9- <u>संघर्षी</u> - स , ह ।

स - वर्त्स्य , अघोष ।

ह - काकल्य , अघोष ।

<u>प्रयोग - स्थिति</u> -

स - समर[6], रसना[7] , प्रकास[8] ।

ह - हनुमान[9], सहज[10], उछाह[11] ।

व्यतिरेकी स्थितियों द्वारा ध्वनि ग्रामीय मूल्यांकन -

स - सरन[12] = आश्रय , सम[14] = तुल्य ।

ह - हरन[13] = नाश करना, हम[15] = मैं का ब0 वचन ।

उक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि आलोच्य महाकाव्य "रामविनोद" के अन्तर्गत क , क़ , ग , ग़ , च , छ , ज , झ , ट

---

1. रा0वि0अ0का0881/2. रा0वि0लं0का01772/3. रा0वि0लं0का02007

4. रा0वि0अयो0का0482/5. रा0वि0लं0का02217/6. रा0वि0लं0का02325

7. रा0वि0कि0का01270/8. रा0वि0अ0का0899/9. रा0वि0सु0का01445

10. रा0वि0लं0का02343/11. रा0वि0अ0का0935/12. रा0वि0बा0का0 3

13. रा0वि0बा0का04/14. रा0वि0कि0का01159/15. रा0वि0सु0का0[illegible]1430

ढ, ड़, द, ध, ण, ट, ण, थ, प, फ, ब,
भ, म, र, ल, व, ह व्यंजन

26 ध्वनियाँ स्वतंत्र ध्वनिग्राम हैं ।

2.3.3 <u>अर्ध- स्वर -</u>

स्वर तथा व्यंजन गणना में "य" तथा "व" (अर्ध-स्वर) की स्थिति स्वर तथा व्यंजन के मध्य की तीसरी श्रेणी है ।[1] "भारतीय वैयाकरणों ने इन्हें अन्तःस्थ कहा है क्यों कि इनके उच्चारण की स्थिति स्वर और व्यंजनों के बीच की है ।[2]" "इसलिये ये वर्ण उच्चारण- स्थान की दृष्टि से स्वर तथा व्यंजनों के मध्यवर्ती होने से अन्तःस्थ और अर्ध-स्वर कहलाते हैं।[3]" "इ" का "ए", "ऐ" तथा "य" में और "उ" का "ओ", "औ" तथा "व" में परिवर्तित हो जाना ही अन्तःस्थ - स्थिति की पहचान है । स्वराघात-सहन-सामर्थ्य का अभाव एवं स्वर-तुल्य मुखर-हीनता इन्हें व्यंजन मानने का आधार है । यही कारण इन्हें अक्षर निर्माण में अक्षम प्रमाणित करता है । ध्वन्यात्मकता एवं कार्यकारिता के परिप्रेक्ष्य में व्यंजनों की तुलना में स्वरों जैसी क्रियाशीलता अभिव्यक्त करने के कारण इन्हें "अर्ध-स्वर" से अभिहित करना अधिक समीचीन रहेगा । "विभिन्न स्वरों के मध्य "य" तथा "व" के विशिष्ट रागात्मक रूप श्रुतिगत होते हैं ।[4]" आलोच्य ग्रन्थ

---

1. डॉ० जनार्दन सिंह: तुलसी की भाषा पृ०63, सन् 1976 ई०
2. डॉ० विश्वनाथ प्रसाद: भारतीय साहित्य, अप्रैल सन् 1956 ई०
3. डॉ० आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा: हिन्दी भाषा का विकास सन् 1971ई०
   डॉ० रामदेव त्रिपाठी पृ० 37
4. डॉ० कैलाश चन्द्र अग्रवाल: आधुनिक हिन्दी व्याकरण तथा रचना
   पृ० 13, पंचम संस्करण सन् 1 जनवरी 1980 ई०

एक स्थान पर य > औ के रूप में उपलब्ध है -

असमौ समौ कुराय उर तौ किमि मानै नीति ।
असमय समय - असमौ समौ [1] ।

"य" तथा "व" अर्ध-स्वरों के उक्त परिवर्तनों से इनका झुकाव स्वर और व्यंजन दोनों की ओर स्पष्ट प्रकट होता है । इसके अतिरिक्त इनके अविकृत रूप भी पर्याप्त मात्रा में प्राप्त होते हैं । आलोच्य महाकाव्य "रामविनोद" में व > ब और य > ज में सर्वत्र अधिकता से प्राप्त होता है ।

स्वरानुक्रमों के उदाहरण निम्नवत् हैं -

1- अ - - - - - - - अ,
य - भय[2], पय[3], करुणामय[4], हृदय[5], दयउ[6] ।
व - भव[7], नव[8], रव[9], अवध[10], पवर[11] ।

2- अ - - - - - - - आ,
य - दया[12], कया[13], अयानी[14], दयाल[15] ।
व - हँसवा[16], अवास[17], नवाय[18], सवारी[19], कुरवा[20] ।

3- अ - - - - - - - इ,
य - ---

---

